

## उप प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष समिति राजस्थान ने अपनी मांगों को लेकर शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** उप प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष समिति राजस्थान के अध्यक्ष महेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमण्डल ने महात्मा गाँधी राजकीय विद्यालय तिवाड़ी की ढ़ाणी कोटड़ी लुहारवास (खंडेला) सीकर में शिक्षा मंत्री से वार्ता करके मांग पत्र सौंपा जिसमें प्राध्यापकों को उप-प्राचार्य पद पर पदोन्नति देने के लिए सत्र 2022-23 की रिव्यू डीपीसी तथा सत्र 2023-24 और 2024-25 की बकाया नियमित डीपीसी की बैठक का आयोजन करवाने हेतु निवेदन किया। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने जुलाई 2021 में राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवा नियमों का प्रकाशन किया जिसमें माध्यमिक शिक्षा विभाग में उच्च माध्यमिक विद्यालयों में उप-प्राचार्य के 12424 नवीन पद सृजित किए गए और इन पदों को 100 प्रतिशत प्राध्यापक को पदोन्नति देते हुए सत्र 2022-23 की डीपीसी की गई जिसमें चयनित उप-प्राचार्य उच्च माध्यमिक विद्यालयों में पीईईओ / यूसीईओ के प्रशासनिक दायित्व को संबल प्रदान करने के साथ विद्यालयों में सतत निरीक्षण- पर्यवेक्षण के अति आवश्यक कार्य संपादन में सहयोग कर रहे हैं। इससे राज्य के विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता और परीक्षा परिणाम उन्नयन में भी सहयोग मिल रहा है। नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत केंद्र सरकार ने भी उच्च माध्यमिक विद्यालयों में उप-प्राचार्य पद के महत्व को प्रतिपादित करते हुए केंद्रीय विद्यालय समिति के विद्यालयों में उप-प्राचार्य पद को संस्थापन का महत्वपूर्ण अंग मानते हुए सृजन किया हुआ है।

## जन औषधि चेतना रैली निकाली



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** सातवें जन औषधि सप्ताह की शुरुआत पर राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय व एएनएम ट्रेनिंग सेंटर के छात्र छात्राओं ने रैली निकाली। सामान्य चिकित्सालय परिसर स्थित राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय परिसर में मुख्य अतिथि पीएमओ डॉ तेजराम मीना ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नर्सिंग महाविद्यालय के प्राचार्य सैयद बलिग अहमद ने की जबकि पीएमबीआई के सीनियर मार्केटिंग ऑफिसर व राजस्थान के नोडल हैड दिव्यांशु शर्मा विशिष्ट अतिथि रहे। केंद्र संचालक चंदू शर्मा जन औषधि उत्पादों की जानकारी देकर आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। रैली नर्सिंग कॉलेज से शुरू हुई और सामान्य चिकित्सालय, जन औषधि केंद्र होकर एएनएम ट्रेनिंग सेंटर पहुंची जहाँ छात्र छात्राओं को पीएमबीआई की ओर से केप, टी शर्ट, डायरी व पेन वितरित किए गए।

### दो भव्य वेदी प्रतिष्ठा व विश्व शांति महायज्ञ का समापन

## जयकारों के बीच वेदी में विराजे श्रीजी



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुनि प्रणम्य महाराज के आशीर्वाद से महेश नगर स्थित श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर में चल रहे दो दिवसीय भव्य वेदी प्रतिष्ठा व विश्व शांति महायज्ञ का समापन रविवार को श्रीजी को वेदी में विराजमान करने के साथ हुआ। आयोजन में काफी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने भाग लिया। मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष पदम कुमार जैन व कार्यक्रम समन्यक नवल जैन ने बताया कि महोत्सव के महोत्सव के अंतिम दिन रविवार सुबह 6.45 बजे जाप्यानुष्ठान,अभिषेक,शांति धारा व विश्व शांति महायज्ञ हुआ। इस दौरान आसपास का क्षेत्र श्रीजी के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। इसके बाद वेदी पुण्यार्जक व भगवान पार्श्व्‌वनाथ मूर्ति विराजमानकर्ता शांति देवी-स्व.अशोक कुमार जैन,संदीप जैन,अंकित जैन सरस पार्लर वाले व उनके परिजनों ने श्रीजी को वेदी में विधि विधान से प्रतिष्ठाचार्य पंडित विमल कुमार बनेठा ने विराजमान करवाया। मंदिर प्रबंध समिति के मंत्री पीयूष कुमार जैन ने बताया कि इस दौरान धन्य आज घड़ी कैसी सुखकार है...आया मंगल दिन मंगल अवसर...जैसे भजनों की स्वर लहरियों से गुजायमान हो उठा। तत्श्चात ध्वजदंड एवं कलश आरोहण समाजश्रेष्ठी महेन्द्र-इन्दु सेठी परिवार ने किया। इस मौके पर काफी संख्या में समाजबंधुओं ने शिरकत की।

जागरूक टाइम्स
संपर्क करें
विज्ञापन देने के लिए
+91-9819170710
+91-9587022840
+91-8696111716
प्रति के लिए
9057203837
कार्यालय :- 0141-2743001
Email :- jtjaipur@gmail.com

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का भरतपुर दौरा

# भरतपुर शहर के आधारभूत संरचना के विकास कार्यों को समय से करें पूरा : मुख्यमंत्री

### भरतपुर व डीग के विकास के लिए बजट घोषणाओं का समय से क्रियान्वयन हो सुनिश्चित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भरतपुर/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्पित होकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य बजट वर्ष 2025-26 में की गई घोषणाओं से आमजन के लिए उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं में विस्तार होगा और उनका जीवन बेहतर बनेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि भरतपुर व डीग जिले की बजटीय घोषणाओं को कार्ययोजना के साथ धरातल पर उतारा जाये।

शर्मा शनिवार को भरतपुर के जिला कलक्ट्रेट में बजट घोषणा एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भरतपुर व डीग जिले में विकास के नये आयाम स्थापित करने के लिए आधारभूत संरचनाओं का विकास बेहद जरूरी है। इसके लिए कार्यों की समय सीमा सुनिश्चित कर सभी विभाग आपसी समन्वय से इन्हें पूरा करें।

**आबादी के विस्तार को देखकर नगर निगम एवं बीडीए बनायें विकास की कार्ययोजना**

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि नगर निगम और बीडीए के अधिकारी साथ मिलकर शहर के जलभराव क्षेत्रों का दौरा करें और जलनिकासी की कार्ययोजना बनायें। उन्होंने निर्देश दिये कि शहर के ड्रेनेज सिस्टम को और अधिक मजबूत बनाने के लिए कार्ययोजना बनायी जाये। साथ ही, भविष्य में जलभराव की समस्या उत्पन्न नहीं हो, इसके लिए सड़क लेवल के तय मानकों का भी पालन किया जाये। उन्होंने अधिकारियों को शहर में पुराने तालाब व कुण्डों की साफ-सफाई व जलनिकासी की उचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आधारभूत संरचना के विकास को सुनिश्चित करते हुए शहर के भविष्य के विस्तार और आबादी को देखकर सभी विभाग आपसी समन्वय से पेयजल, विद्युत, सीवरेज, गैस, टेलीफोन से संबंधित भूमिगत कार्यों को समय व पूर्ण गुणवत्ता से पूरा करें।

### सिंचाई तंत्र को बनायें मजबूत सीवरेज कार्यों को दें गति

मुख्यमंत्री ने भरतपुर शहर में सीवरेज के कार्य की स्थिति में सुधार कर विकास कार्यों को गति प्रदान करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शहर के घनी आबादी क्षेत्र में स्थित राजकीय कार्यालयों को शिफ्ट करने के लिए कार्ययोजना बनायें। उन्होंने जिले के सिंचाई तंत्र को मूल स्वरूप के अनुसार प्रभावी बनाने के लिए मौका निरीक्षण कर संरचनाओं को सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिये साथ ही बंध बारैठा, सुजानगंगा सहित नहरों के मरम्मत सहित सांवईखेडा जलभराव समस्या की लिफ्ट परियोजना के कार्य को समयबद्धता के साथ पूरा करने के निर्देश दिये।

### समय से बजट घोषणाओं को करें पूरा

मुख्यमंत्री शर्मा ने राज्य बजट वर्ष 2025-26 में की गई विभागवार घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि घोषणाओं को मूर्तरूप देने के लिए भू-आवंटन, वित्तीय स्वीकृति, टेंडर, निर्माण कार्य समय पर गुणवत्ता के साथ पूरे किये जाएं। उन्होंने भरतपुर व डीग जिला कलक्टर को संबंधित विभागों से विकास कार्यों की प्रगति की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये। साथ ही, सभी विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक लेकर फीडबैक लेने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने जिला कलक्टर्स को निर्देश दिये कि अतिरिक्त जिला कलक्टर सहित वरिष्ठ जिलाधिकारियों को विभिन्न विभागों के कार्यों की मॉनिटरिंग करने की जिम्मेदारी भी सौंपी जाये। उन्होंने जिला कलक्टर्स को निरन्तर औचक निरीक्षण करते रहने के लिए भी निर्देशित किया।

### भरतपुर व डीग जिले के सड़क तंत्र को बनायें और अधिक मजबूत

शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में टूरिस्ट कॉम्पलेक्स प्लाजा एवं किशोरी महल प्लाजा, मंदिरों के संरक्षण कार्य सहित पर्यटन महत्त्व के कार्यों को समय पर पूरा करायें। उन्होंने कुम्हेर में प्रस्तावित हवाईपट्टी के कार्य, पूँछरी का लौठा के विकास कार्यों, खिलाडियों को सुविधा के लिए स्पोर्टस कॉलेज, स्कूल के विकास कार्यों को समय पर कराने के निर्देश दिये। उन्होंने बालिका सैनिक स्कूल के लिए उपयुक्त स्थान का चयन करने, स्वयंसिद्धा आश्रम, बजट घोषणाओं की सभी सड़कों के कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण कराने के निर्देश दिये। इस अवसर पर गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, विधायक बहादुर सिंह कोली, डॉ.शैलेश सिंह, डॉ.ऋतु बनावत, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) शिखर अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव सार्वजनिक निर्माण प्रवीण गुप्ता, शासन सचिव देवस्थान के.के पाठक, शासन सचिव खेल नीरज के पवन, जिला प्रभारी एवं शासन सचिव परिवहन शुचि त्यागी, पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश, जिला कलक्टर भरतपुर डॉ.अमित यादव, जिला कलक्टर डीग उत्सव कौशल सहित भरतपुर व डीग के जिला पुलिस अधीक्षक सहित जिला अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में विभिन्न महत्वपूर्ण विभागों के शासन सचिव वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े।

### कलक्टर ने जोजरी नदी के प्रदूषित पानी से प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

## प्रदेश का प्रथम ग्रीन बजट पर्यावरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है : संसदीय कार्य मंत्री

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** संसदीय कार्य विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल एवं जोधपुर जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल ने रविवार को जोधपुर जिला स्थित सालावास और धवा क्षेत्र में जोजरी नदी के प्रदूषित पानी से प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रदूषित पानी के कारण शिफ्ट किए गए राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय ठूंठावास (मेलबा) का भी अवलोकन किया। पटेल ने कहा माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रदेश का प्रथम ग्रीन बजट पर्यावरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा वर्ष 2025-26 के लिए ग्रीन बजट के तहत 27 हजार 854 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

हमारी सरकार का लक्ष्य जोजरी नदी का पुनरुद्धार कर स्वच्छ एवं निर्मल बनाना

पटेल ने कहा पर्यावरण संरक्षण के लिए इस वर्ष 'मिशन हरियाळो राजस्थान' के तहत 10 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का लक्ष्य जोजरी नदी का पुनरुद्धार कर स्वच्छ एवं निर्मल बनाना है और इसके लिए



176 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। जोजरी को पुन: उसका वास्तविक स्वरूप देने के लिए बजट की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। इस दौरान पटेल ने नदी में बढ़ते प्रदूषण की स्थिति का जायजा लिया और इस समस्या के समाधान के लिए शीघ्रातिशीघ्र दीर्घकालिक रणनीति बनाकर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। पटेल ने कहा कि जोजरी नदी का प्रदूषण न केवल पर्यावरण के लिए बल्कि स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर चुनौती बन गया है। गन्दे पानी से आमजन के साथ पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं के जीवन पर भी हानिकारक प्रभाव पड़ रहा है।

**अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश:** संसदीय कार्य मंत्री ने जिला प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निरंतर प्रभावी निगरानी और औद्योगिक क्षेत्रों में नियमानुसार इंडस्ट्रियल वेस्ट वाटर का समुचित ट्रीटमेंट सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जोजरी नदी की सफाई और प्रदूषण नियंत्रण के लिए एक व्यापक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

## जयपुर में सहेली ने ही महिला का रेप करवाया

### अलग-अलग लोगों से शारीरिक संबंध बनवाए

**जयपुर।** जयपुर में ब्लैकमेल कर एक महिला के अपनी ही सहेली से रेप करवाने का मामला सामने आया है। दोस्ती कर महिला फ्रेंड ने ही धोखा देकर अश्लील वीडियो बना लिया। अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर आरोपी महिला ने ब्लैकमेल कर अलग-अलग युवकों से रेप करवाया। शास्त्री नगर थाने में पीड़ित महिला ने अपनी सहेली व तीन जनों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज करवाया है। मामले की जांच एसीपी (शास्त्री नगर) शिवरतन गोदारा कर रहे हैं। मुरलीपुरा की रहने वाली 25 साल की महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। सितम्बर-2024 में उसकी दोस्त आरोपी महिला से हुई थी। बातचीत के दौरान दोनों अच्छी सहेलियां बन गए। आरोप है आरोपी सहेली ने मिलने के बहाने उसे अपने घर बुलाया। मिलने जाने पर धोखे से एक युवक को बुलाकर उसके साथ जबरदस्ती रेप करवाया।



## चारित्रिक निर्णय की बुनियाद है अणुव्रत : साध्वी श्री कनक श्री

### 77वां अणुव्रत स्थापना दिवस कार्यक्रम

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी निर्देशित व अणुव्रत समिति जयपुर के बैनर तले 77 वां अणुव्रत स्थापना दिवस कार्यक्रम शासन गौरव बहुश्रुत साध्वी श्री कनक श्री जी के सान्निध्य में मालवीय नगर के अणुविभा केन्द्र के महाप्रज्ञ सभागार में आयोजित हुआ।

इस अवसर पर शासन गौरव साध्वी श्री कनक श्री जी ने अणुव्रत को मानव धर्म, असांप्रदायिक धर्म एवं राष्ट्रीय चरित्र निर्माण का आधार बताते हुए कहा कि धर्म क्रांति के सूत्रधार आचार्य श्री तुलसी ने जन जन की नैतिक चेतना जगाने के लिए 1 मार्च 1949 को सरदारशहर में अणुव्रत का प्रवर्तन किया। आचार्य श्री महाप्रज्ञ ने अणुव्रत की दार्शनिक व्याख्या कर उसे प्रबुद्ध लोगों तक पहुंचाया और आचार्य श्री महाश्रमण अपनी ऐतिहासिक देशव्यापी अहिंसा यात्राओं द्वारा साम्प्रदायिक सद्भाव व नैतिक चेतना के जागरण और नशामुक्ति का संदेश देकर जनमानस में मानवीय मूल्यों की प्रतिष्ठा का भगीरथ प्रयत्न कर रहे हैं।

सात्विक सदाचारी जीवन जीने की प्रेरणा देते हुए साध्वी श्री ने कहा कि सदाचार का केवल आचरण ही न हो, वह आचरण में उतरे। साध्वी श्री कनक श्री जी द्वारा रचित गीत लोकपुरूष की ज्योतिर्मय यात्रा का जो पावन रथ हैए वह जन जन का प्रिय अणुव्रत है। का साध्वीवृंद ने सुमधुर स्वरों में संगांन किया तो उपस्थित श्रोताओं के मन प्राण झंकृत हो उठे। अणुव्रत समिति जयपुर के अध्यक्ष विमल गोलछा ने स्वागत भाषण से आगंतुकों को स्वागत किया। इस अवसर पर अणुविभा की ओर से अणुव्रत लेखक पुरस्कार से सम्मानित नरेन्द्र शर्मा 'कुसुम' ने काव्य के माध्यम से भावनाएं व्यक्त की।

जयपुर पब्लिक स्कूल से समागत नन्ही विद्यार्थी काव्या ठाकुर और महिमा चैधरी ने कविता के माध्यम से आचार्य श्री तुलसी के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। इस दौरान दसवीं कक्षा की विद्यार्थी नैनिका सिंह व गरिमा सैन ने अणुव्रत के संदर्भ में कविता के द्वारा भावनाएं व्यक्त की। अणुव्रत समिति जयपुर की मंत्री डॉ. जयश्री सिद्धा ने कार्यक्रम का संयोजन किया। अणुव्रत समिति जयपुर के संगठन मंत्री पवन जैन ने आभार ज्ञापन किया। मुख्य कार्यक्रम से पूर्व अणुव्रत झंडे का झंडारोहण जय तुलसी फाऊंडेशन के प्रधान न्यासी एवं अणुविभा जयपुर केन्द्र के अध्यक्ष पन्नालाल बैद व श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथ सभा जयपुर के अध्यक्ष शांतिलाल गोलछा ने किया।

### विभिन्न स्थानों पर सात एफआईआर दर्ज

## अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 50 वाहन मशीनरी जब्त किए

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** माइंस विभाग ने राज्य के उदयपुर, जयपुर, भरतपुर, बारां, नागौर, घड़साना, सूरतगढ़ सहित कई स्थानों पर अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए गत तीन-चार दिनों में ही 7 एफआईआर सहित करीब 50 वाहन मशीनरी जब्त कर सबंधित पुलिस थानों के सुपुर्द की है। निदेशक माइंस दीपक तंवर ने बताया कि राज्य सरकार के अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को देखते हुए विशेष टीमों का गठन करके कार्रवाई की जा रही है वहीं फील्ड अधिकारियों को रात्रिकालीन चैकिंग सहित अवैध खनन गतिविधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। अतिरिक्त निदेशक विजिलेंस पीआर आमेटा मुख्यालय स्तर पर मोनेट रिंग कर रहे हैं।

अतिरिक्त निदेशक माइंस मुख्यालय महेश माथुर ने बताया कि उदयपुर टीम ने इस दौरान अवैध खनन का एक, अवैध परिवहन क 17 और अवैध खनिज भण्डारण के प्रकरण दर्ज किये हैं। उदयपुर टीम द्वारा 849 टन से अधिक खनिज जब्त करने के साथ ही 4 लाख 23 हजार की शास्ति लगाई गई है। एसएमई जयपुर एनएस शक्तावत के नेतृत्व में एमई श्याम कापड़ी की टीम ने अवैध खनन के 3 और अवैध परिवहन के 11 सहित कुल 14 प्रकरणों में 4 जेसीबी आदि वाहन उपकरण, 9 ट्रेक्टर, 9 डंपर आदि अन्य वाहन सहित कुल 22 वाहन मशीनरी जब्त कर संबंधित थानों को सुपुर्द की गई है। 2 लाख 20 हजार रु. का जुर्माना वसूला जा चुका है वहीं

### अधिकारियों को विजिलेंट रहने के निर्देश



240 टन खनिज जब्त किया गया है।

एसएमई अजमेर जय गुरुबख्सानी के मार्गदर्शन में एमई नागौर जय गोदारा ने खान, राजस्व, पुलिस विभाग से समन्वय बनाते हुए अवैध खनिज परिवहन करते हुए दो डंपर खनिज बजरी, 2 डंपर सिलिका सेण्ड और 3 ट्रेक्टर ट्राली खनिज मेसेनरी स्टोन का अवैध परिवहन करते हुए जब्त किया गया है। एमई जय गोदारा टीम द्वारा दो एफआईआर पुलिस थाना निम्बी जोधा और एक पुलिस थाना खुनखुना में सहित कुल 5 एफआईआर दर्ज कराई गई है। 52800 रु. की जुर्माना राशि भी वसूली गई है। बीकानेर जोन में खनिज बजरी के ओवरलोडिंग की शिकायतों को देखते हुए विभाग की सतर्कता टीम द्वारा घडसाना सूरतगढ़ में औचक कार्रवाई करते हुए 16 वाहनों को जब्त किया गया है। यहां 20 टन की लोडिंग दिखा कर 60 से 70 टन का अवैध परिवहन किया जा रहा था। विभाग द्वारा सभी 16 वाहनों को जब्त करने के साथ ही एंपैनल्ड तुलायंत्रों व कम रवन्ना काटकर परिवहन का प्रकरण बनाया गया है। इसके साथ ही सिलिका सेण्ड का निर्गमन बताते हुए बजरी के निर्गमन की शिकायत को देखते हुए सेंपल जांच की जा रही है वहीं परिवहन और जीएसटी विभाग को भी अपने स्तर से जांच कर कार्रवाई के लिए सूचना दी गई है। एमई भरतपुर केसी गोयल और उनकी टीम ने पहाडी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए दो एफआईआर दर्ज कराई है। एडीएम कोटा अविनाश कुलदीप की फोरमेन गोविन्द शर्मा की टीम ने बारां के कोटडी सुण्डा गांव में औचक कार्रवाई करते हुए अवैध बजरी परिवहन में लिप्त दो ट्रेक्टर ट्राली जब्त कर दो लाख 53 हजार से अधिक का जुर्माना लगाया गया है। दोनों वाहनों को संबंधित थानों के सुपुर्द कर दिया गया है। विभाग द्वारा अवैध खनन गतिविधियों यथा खनन, परिवहन और भण्डारण के खिलाफ कार्रवाई जारी है। अतिरिक्त निदेशक विजिलेंस पीआर आमेटा के नेतृत्व में 6 निरीक्षण दल द्वारा प्रदेश में कहीं भी औचक कार्रवाई की जा रही है।

## मेले के दूसरे दिन 9430 लोगों ने विभिन्न चिकित्सा सेवाओं का लिया लाभ

### जयपुर जिला कलेक्टर ने किया मेले का अवलोकन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर ।** जयपुर जिला कलेक्टर डॉ.जितेंद्र सोनी ने रविवार को आयुष विभाग द्वारा आयोजित 'आरोग्यम' राज्य स्तरीय आरोग्य मेला ङ्क 2025 के दूसरे दिन मेले का दौरा किया और विभिन्न स्टॉलों पर दी जा रही आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, होम्योपैथी चिकित्सा पद्धतियों से चिकित्सा सेवाओं का निरीक्षण किया। मेले के नोडल अधिकारी डॉ. बत्तीलाल बैरवा ने बताया कि आयुर्वेद निदेशक डॉ. आनंद शर्मा के सानिध्य में आयोजित व्याख्यान में नई दिल्ली के आशा आयुर्वेद के इन्फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट डॉ. चंचल शर्मा ने बांझपन के कारण एवं समाधान पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। इसके अतिरिक्त अग्निकर्म एवं विद्धकर्म विशेषज्ञ डॉ. रवि गोगिया द्वारा अग्निकर्म एवं विद्धकर्म जैसी प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों पर व्याख्यान दिया गया, जिसमें उनके प्रभाव और लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई। मेले के दूसरे दिन 9430 लोगों ने विभिन्न चिकित्सा सेवाओं का लाभ लिया। मेले में आयुर्वेद चिकित्सा, सौंदर्य प्रसाधन, अग्निकर्म, स्वर्णप्राशन, जलनेति, होम्योपैथी चिकित्सा, यूनानी चिकित्सा, प्राकृतिक परीक्षण, नाड़ी परीक्षण एवं अन्य चिकित्सा सेवाएं नि:शुल्क उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

## छह महीने तक चले मंथन के बाद झुंझुनूं प्रगति संस्थान गठित

# पलायन रोकना होगा, इसके लिए पॉजीटिव सोच जरूरी : डॉ. मोदी




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** शहर के विभिन्न संगठनों से जुड़े प्रबुद्धजनों के बीच चल रही राजनीति से परे एक विकसित झुंझुनूं की सोच ने रविवार को झुंझुनूं प्रगति संस्थान के रूप में आकार लिया है। रविवार को झुंझुनूं को स्मार्ट, हेल्दी, विकसित झुंझुनूं बनाने के लिए झुंझुनूं प्रगति संस्थान की स्थापना की गई। इस मौके पर मुनि आश्रम पाटोदिया गेस्ट हाउस में स्थापना व शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्टेट जीएसटी के ज्वाइंट कमिश्नर उमेश जालान थे। अध्यक्षता शिक्षा विभाग से रिटायर्ड ज्वाइंट डायरेक्टर हरिराम महण ने की। जबकि विशिष्ट अतिथियों के रूप में महावीर इंटरनेशनल के अध्यक्ष सत्यदेव दड़िया, वस्त्र व्यापार संघ के पूर्व अध्यक्ष पवन गाडिया, पूर्व वाइस चेयरमैन पवन पुजारी, श्रीगोपाल गौशाला अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया, कृषि वैज्ञानिक डॉ. हनुमानप्रसाद, परमेश्वरलाल हलवाई, जिला गौ सेवा समिति अध्यक्ष ताराचंद गुप्ता भोड़कीवाला, कार्यक्रम संयोजक डॉ. दिलीप मोदी एवं नगर परिषद के पूर्व आयुक्त राजेंद्र जोशी मंच पर मौजूद थे। अतिथियों का स्वागत सुभाष क्यामसरिया, डॉ. नवीन बंसल, कैलाशचंद्र सिंघानिया, रघुनाथ पोद्दार, रूपेश तुलस्यान, अंजनी जालान, श्यामसुंदर टीबड़ा, संदीप केडिया, कमल केजड़ीवाल, गणेश हलवाई चिड़ावावाला, राकेश टीबड़ा, नारायण जालान, विनोद सिंघानिया, रूपेश तुलस्यान, श्रीकांत पंसारी, दिलीप हंसासरिया, अजीत राणासरिया, सुभाष मित्तल, मोना मित्तल, नवीन केडिया आदि ने किया। इस मौके पर सबसे पहले सामाजिक चिंतक परमेश्वरलाल हलवाई ने छह महीनों से चल रहे मंथन को सभी के समक्ष रखा और कहा कि राजनीति से हटकर समाज का एक प्रबुद्ध वर्ग यह चाहता है कि झुंझुनूं की पहचान राणी सती दादी मंदिर के साथ—साथ उसके बनाए गए उत्पाद, उसके द्वारा स्वच्छता—सौंदर्यता की दिशा में किए गए नवाचार, उसके द्वारा किए गए वो बदलाव जो अन्य शहरों के लिए प्रेरणा साबित हो। इस तरह से भी होनी चाहिए। इसलिए झुंझुनूं प्रगति संस्थान का गठन किया गया है। जिसमें ना केवल स्थानीय लोग तो शामिल है ही। साथ ही साथ प्रवासी लोगों का भी सहयोग रहेगा। इसके बाद संगठन की पहली और नई कार्यकारिणी की घोषणा ताराचंद गुप्ता द्वारा सर्वसम्मति से की गई। जिसमें पिछले चार दशकों से झुंझुनूं को एजुकेशन हब के रूप में बनाने के लिए प्रयासरत विजनरी लीडर डॉ. दिलीप मोदी को अध्यक्ष चुना गया। वहीं युवा अधिवक्ता एडवोकेट अशोक शर्मा को सचिव एवं वस्त्र व्यवसायी संजय नांगलिया को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। कार्यकारिणी में पदाधिकारियों समेत कुल 20 सदस्यों को जगह देने के साथ—साथ अलग—अलग जिम्मेदारियां दी गई है। इस मौके पर नव निर्वाचित अध्यक्ष शिक्षाविद् डॉ. दिलीप मोदी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने झुंझुनूं को अपने जीवन के महत्वपूर्ण चार दशक से ज्यादा का समय दिया है। झुंझुनूं ने उन्हें मान—सम्मान के अलावा वो पहचान दिलाई है। जिसके बलबूते पर आज झुंझुनूं एकेडमी देश के कोने—कोने में नहीं। बल्कि भारत के पड़ौसी देश नेपाल समेत अन्य जगहों पर अपनी पहचान रखती है। वहां से बच्चे पढने झुंझुनूं तक आते है। लेकिन एक टसक उनके मन में हमेशा रही। जिसे पूरा करने के लिए झुंझुनूं प्रगति संस्थान का गठन किया गया है। झुंझुनूं को आज भी वो पहचान नहीं मिल पाई। जिसका वो हकदार था। हमारा पैसा और प्रतिभा तो कई सालों से पलायन हो ही रहा था। लेकिन यहां के लोग, यानि कि पिपुल भी पलायन हो रहे है। हम यदि झुंझुनूं को हमेशा जवान ही रहने देना चाहते है। तो हमें युवाओं का पलायन रोकना होगा। उन्हें स्कॉप बाहर ढूंढने की बजाय झुंझुनूं में ही ढूंढकर बनाने और दूसरे को उसके लिए प्रेरित करने के लिए प्रोत्साहित करना होगा। उन्होंने कहा कि आज हम शिक्षा के क्षेत्र में देखें या फिर अन्य बड़े सुपर मार्केट को देखें। हमारा झुंझुनूं का पैसा बाहर जा रहा है। ऐसे ही पैसा बाहर जाता रहा तो एक दिन झुंझुनूं की हालत क्या होगी यह अंदाजा लगाना भी रोंगटे खड़े करने जैसा है। इसलिए अभी संभलने का वक्त है। इस मौके पर कृषि वैज्ञानिक डॉ. हनुमानप्रसाद ने सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलवाई और सभी पदाधिकारियों और सदस्यों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. डीएन तुलस्यान तथा सत्यनारायण शर्मा ने किया।

इस मौके पर भामाशाह विश्वनाथ टीबड़ेवाला, सुरेश जाखड़, विजयगोपाल मोटासरा, सुरेंद्र अग्रवाल चिड़ावावाला, गणेश हलवाई चिड़ावावाला, विनोद सिंघानिया, नरेश परसरामपुरिया, बंटी टीबड़ा, सीए रविंद्र मोरोलिया, एडवोकेट अंशुमान शेखावत, सीए जिम्मी मोदी, आशुतोष—आकाश मोदी, अमरनाथ जांगिड़, प्रदीप पाटोदिया, राजेश ढेढिया, शिवचरण हलवाई, संजय पारीक, मनीष मित्तल, कुंदन सिंगड़ोदिया, अशोक सोनी, श्रीकांत पंसारी, संजू राणासरिया, शिवकुमार जांगिड़, विकास तुलस्यान, लॉयंस क्लब की अध्यक्षा डॉ. बबिता कुमावत, डॉ. ममता जालान, डॉ. शशि मोरोलिया, डॉ. शालू टीबड़ा, डॉ. संगीता केडिया उदयपुरिया, प्रेरणा तुलस्यान एवं विनीता शर्मा आदि उपस्थिति थी।

**सोच बदलनी होगी, ट्रेन जा नहीं रही, आ रही है :** झुंझुनूं प्रगति संस्थान के नवनिर्वाचित अध्यक्ष शिक्षाविद् डॉ. दिलीप मोदी ने बताया कि पैसा और प्रतिभा पलायन रोकने के लिए सबसे पहले हमें सोच बदलनी होगी। उन्होंने कहा कि कोई भी रेल सेवा शुरू होती है तो हम बोलते है कि झुंझुनूं से उस जगह जाने के लिए रेल सेवा शुरू हो गई है। लेकिन इसे हमें बदलना होगा। हमें यह सोचना, समझना और बोलना होगा कि उस जगह से झुंझुनूं रेल आ रही है। यानि कि पैसा आ रहा है। प्रतिभा आ रही है और यह जब दोनों आएंगे तो एक नया झुंझुनूं आ रहा है। यह परिकल्पना हर मन में बसेगी।

**महिला और यूथ विंग भी होगी अलग से गठित :** इस मौके पर डॉ. दिलीप मोदी ने बताया कि झुंझुनूं प्रगति संस्थान में जल्द ही एक महिला और यूथ विंग का गठन किया जाएगा। जिसकी लगभग तैयारी पूरी हो गई है। मुख्य टीम के साथ महिला टीम और युवा टीम भी झुंझुनूं शहर की महिलाओं और युवाओं को इस विकसित झुंझुनूं के आंदोलन में जोड़ेगी।

**अधूरे कार्यों को पूरा करवाएंगे, वॉकल फॉर लॉकल होगी थीम :** इस मौके पर डॉ. दिलीप मोदी ने बताया कि झुंझुनूं शहर में आज भी ऐसे कई कार्य अधूरे है। जिसे पूरा करना जरूरी है। इसलिए उन कार्यों को लॉन्ग टर्म, मिड टर्म और शॉर्ट टर्म के आधार पर सूचीबद्ध किया जा रहा है। इसके लिए शासन, प्रशासन, सरकार, जनप्रतिनिधि, जिनसे भी बातचीत करनी पड़ेगी। जिन पर भी दबाव बनाना होगा। वह कार्य किया जएगा। हमारा मानना है कि यदि वॉकल फॉर लॉकल की धारणा को हम साकार बना पाएंगे। तो झुंझुनूं की प्रगति को कोई रोक नहीं सकता। हमारी दुकानों पर ही सामान खरीदना। हमारे बाजारों को ही पनपाना। हमारे बच्चों को झुंझुनूं में ही पढाना। हमारे बच्चों के लिए झुंझुनूं में रोजगार के लिए इनोवेशन करना। हमारे पर्यटन स्थलों को विकसित करना। इस तरह के कई मुद्दे है। जिन पर हम सिर्फ सोच बदलकर झुंझुनूं को बदल सकते है। इसी क्रम में झुंझुनूं में एक स्वच्छ, सुंदर और आकर्षक चौपाटी बनें। इसके लिए प्राथमिकता के आधार पर प्रयास शुरू किए जाएंगे। झुंझुनूं में नवनिर्माणाधीन इस्कॉन मंदिर के संचालक डॉ. नवीन बंसल ने अपने उद्बोधन में आध्यात्मिक कार्य के बारे में बताते हुए संस्था को आश्वासन दिया कि झुंझुनू की प्रगति में वह हर संभव अपने और अपने संगठन की ओर से कार्य करेंगे। उन्होंने कृष्ण भगवान का स्मरण करते हुए श्लोक भी सुनाए।

**कार्यकारिणी के साथ—साथ मार्गदर्शक मंडल का हुआ गठन :** इस मौके पर नई कार्यकारिणी के साथ—साथ मार्गदर्शक मंडल का भी गठन हुआ। मार्गदर्शक मंडल में ताराचंद गुप्ता भोड़कीवाला, एडवोकेट श्रवण कुमार केजड़ीवाल, परमेश्वरलाल हलवाई, डॉ. हनुमानप्रसाद, हरिराम महण, नरेश गाडिया, पवन गाडिया, सत्यदेव दड़िया, प्रमोद खंडेलिया, पवन पुजारी व शिवचरण पुरोहित को शामिल किया गया है। इसके अलावा कार्यकारिणी में डॉ. दिलीप मोदी अध्यक्ष, राजेंद्र जोशी, प्रदीप पाटोदिया व कुरड़ाराम धींवा उपाध्यक्ष, एडवोकेट अशोक शर्मा, सचिव, योगेश खंडेलिया व भंवरलाल स्वामी सह सचिव, संजय नांगलिया कोषाध्यक्ष, अशोक केडिया सह कोषाध्यक्ष व डॉ. डीएन तुलस्यान को पीआरओ की जिम्मेदारी दी गई।

## एनआरडीडी स्पोर्ट्स मीट-2025 का शुभारंभ



**झुंझुनूं।** नौरंगराम दयानंद ढूकिया शिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित एनआरडीडी स्पोटर्स मीट 2025 का शुभारंभ सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर के मुख्य आतिथ्य में किया गया। अध्यक्षता महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक विप्लव न्यौला ने की। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष इंजीनियर प्यारेलाल ढूकिया व प्रिंसिपल नीतू न्यौला थी। संस्थान सचिव डॉ. संदीप ढूकिया ने बताया कि अतिथियों द्वारा सभी टीमों को टीम ध्वज देकर व मशाल जलाकर खेलों का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर रंग बिरंगे गुब्बारे छोड़े गए व सभी टीमों को खेलभावना की शपथ दिलाई गई। डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने छात्र-छात्राओं को कहा कि आपको नित्यदिन शारीरिक व्यायाम करना चाहिए। जिसे कि आप स्वस्थ रहे व उन्होंने छात्र-छात्राओं को बताया कि आप आयुष्मान योजना के बारे में आमजन को जागरूक करें। इस मौके पर विप्लव न्यौला ने सभी छात्र—छात्राओं खेल भावना से खेलना व पहला सुख निरोगी काया है व आपस में खेल प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए। द्वेषता नहीं होनी चाहिए। यह संदेश दिया। इस अवसर पर इंजिनियर प्यारेलाल ढूकिया ने कहा कि खेल में अपना शत प्रतिशत देवें व खेलों में निर्णायक की भूमिका अहम रहेगी। उसे निष्पक्ष रूप से स्वीकार करें। छात्र-छात्राओं के द्वारा स्पोटर्स ड्रील की प्रस्तुति दी गई। एकेडमिक डायरेक्टर सुनिता ढूकिया ने बताया कि एक सप्ताह तक विभिन्न प्रकार के इनडोर खेलों में चैस, टीटी, कैरम, बैडमिंटन व आउटडोर खेलों में क्रिकेट, वॉलीवॉल, कबड्डी, खोखो का आयोजन किया जाएगा। स्पोटर्स मीट के समापन पर विजेता टीमों को पुरस्कार दिया जाएगा। इस मौके पर संस्थान डायरेक्टर दयानंदसिंह ढूकिया ने अतिथियों का स्वागत किया व धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच संचालन सुधीर द्वारा किया गया। इस अवसर पर सुंदर ढूकिया, इंजिनियर पीयूष ढूकिया, प्राचार्य विवेक त्रिपाठी, उप प्राचार्य राजेश मांडिया, विष्णु, जाकिर अली, सुमित शर्मा, पूजा सैनी व समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## एमडी ग्रुप ऑफ एजुकेशन में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चिड़ावा।** झुंझुनूं रोड स्थित एमडी लिटिल फ्लॉवर स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय निदेशक सुनिल डांगी व समित डांगी, प्रधानाध्यापक अंकित शर्मा ने किया।

डांगी सर ने बताया कि विज्ञान हमारे जीवन की विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करता है। विज्ञान हमारे संदेह को दूर करता है। आज भारत विज्ञान के क्षेत्र में शिखर पर है। हमारे वैज्ञानिकों ने चिकित्सा तकनीकी के क्षेत्र में नए—नए आविष्कार किए है। आज युवाओं में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा बढ़ी है। विद्यार्थियों ने सीवी रमन प्रभाव, ओजोन डिप्लेशन, सौर ऊर्जा संयंत्र, वर्षा जल संरक्षण, जियो मेट्रिक पार्क, स्मार्ट सिटी, श्वसन तंत्र, डाइजेस्टिव सिस्टम, वाटर डिस्पेंसर, वेक्यूम क्लीनर, एटीएम मशीन, इलेक्ट्रिक डस्टबिन आदि मॉडल व चार्ट बनाए। विद्यालय डायरेक्टर समित डांगी, प्रधानाध्यापक अंकित शर्मा, कॉऑर्डिनेटर उदित योगी व दीपाली शर्मा ने बच्चों के द्वारा बनाए गए मॉडलों व चार्टो का अवलोकन किया।

## शक्ति दिवस पर एनिमिया शिविर में 42 रोगी लाभान्वित




**नवलगढ़।** अलॉयंस क्लब नवलगढ़ द्वारा पूर्व प्रांतपाल समाजसेवी स्व. श्रीगोपाल झुंझुनूंवाला की स्मृति में श्रीमती भगवानी देवी बासुदेव झुंझुनूंवाला ट्रस्ट के सौजन्य से बालिकाओं व महिलाओं की खून की कमी एनीमिया का निशुल्क 23वां शिविर शक्ति दिवस के रूप में जांगिड़ अस्पताल मे आयोजित किया गया। शक्ति दिवस पर एनिमिया शिविर में 42 रोगियों की जांच कर 30 को निशुल्क एक माह की दवाई दी गई। अतिथियों द्वारा स्व. श्रीगोपाल झुंझुनूंवाला की फोटो पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रांतपाल रामावतार सबलानिया ने अपने उदबोधन में कहा कि महिलाओं व लड़कियों को अपने हिमोग्लोबिन की जांच करवानी चाहिए। ज्यादातर महिलाओं में खून की कमी होती है। अलॉयंस क्लब नवलगढ़ द्वारा एनीमिया निशुल्क शिविर की आपने प्रशंसा की। डॉ. मिनाक्षी जांगिड़ ने बताया कि गर्भवती महिलाओ को हर माह अपनी रक्त की जांच करवाकर हिमोग्लोबिन कम होने पर आयरन की गोलियां तथा प्रोटीन युक्त भोजन जैसे दूध, अंडे, फल, दालें, बाजरे की रोटी व अंकुरित अनाज आदि खाने चाहिए। चिकित्सक से समय समय पर परामर्श लेना चाहिए। आपने बताया कि कॉलेज की युवतियों मे भी खून की कमी पाई जाती है। सभी संस्था प्रधानों से निवेदन है कि स्कूल की छात्र छात्राओं की रक्त की जांच करवाएं। सरकार ने भी एनिमिया मुक्त भारत अभियान शुरू किया है। कार्यक्रम में डॉ. दयाशंकर जांगिड़, डॉ. मनीष, डॉ. मिनाक्षी, डॉ. शिखरचंद जैन, रमाकांत सोनी, मुरलीमनोहर चोबदार, महेंद्र सैनी, मनोज रूनला, पंकज शाह, अशोक पूनियां, दीया शाह, जया शाह, वासुदेव डीडवानिया, संजय चोटिया, सुनिल बियान, गंगाधर मील, महेश सैनी सहित जांगिड़ अस्पताल का स्टाफ उपस्थित रहकर सहयोग कर रहे थे। अब तक हुए शिविरों में करीब 1800 महिलाओं को जांच कर निशुल्क दवाई दी जा चुकी है। जो महिलाओं को शक्ति प्रदान करती है। डॉ. दयाशंकर जांगिड़ ने कहा कि यह राष्ट्रीय कार्यक्रम है। इसमें सभी को भागीदारी निभानी चाहिए। महिलाओं को अपने रक्त की जांच करवाने को प्रेरित करना चाहिए। महिलाएं सशक्त होगी तो हमारा देश भी शक्तिशाली होगा।

## सरस्वती स्कूल बलवंतपुरा में वार्षिकोत्सव 'स्पंदन-2025' आयोजित

# विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मंत्रमुग्ध किया



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नवलगढ़।** क्षेत्र के बलवंतपुरा ग्राम स्थित सरस्वती सीनियर सैकंडरी स्कूल में वार्षिकोत्सव 'स्पंदन-2025' का भव्य आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में डीआईजी शरद चौधरी थे। वहीं अन्य अतिथियों में आरजेएस रश्मि वर्मा तथा जोधपुर आईआईटी के प्रोफेसर महेश कुमार थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीराम फांडन ने की। विद्यालय निदेशक बीरबलसिंह गोदारा व मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर मां सरस्वती के प्रांगण में कार्यक्रम का शुभारंभ किया। गणेश वंदना व सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का आगाज किया गया। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने विद्यार्थियों व उपस्थित सभी संभ्रात नागरिकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मेरे पापा मेरे संसार, भूतनाथ, संम्भाजी महाराज, खाटूश्याम जी, महुआ जरे, सेव नेचर, कठपूतली डांस रहे। कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक रोचक प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर सरस्वती विद्यालय परिवार की परम्परानुसार विगत वर्ष माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में अपना परचम लहराने वाले मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान पर तमन्ना को 31 हजार रूपए का चैक व प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। कक्षा 12 बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 31000 रूपए, स्मार्ट वॉच, स्टडी टेबल व पांच पुरस्कार 31000 रूपए के, चार पुरस्कार 21000 रूपए के, पांच पुरस्कार 11000 रूपए के, छह पुरस्कार 7100 रूपए के, एक पुरस्कार 6100 रूपए के, 23 पुरस्कार 5100 रूपए के, 21 पुरस्कार 3100 रूपए के नकद पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डीआईजी शरद चौधरी ने विद्यार्थियों को अनुशासन के साथ आगे बढ़ने व जीवन में हमेशा मेहनत के बल पर कामयाबी प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के विद्यार्थी व पूर्वी विद्यार्थी जेईई, नीट, कृषि विश्वविद्यालय में चयनित कुल 229 विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। खेल में राज्य स्तर पर 72 विद्यार्थियों का चयन, एक विद्यार्थी चेतन्या का नेशनल कैम्प में चयनित हुआ। शरद चैधरी ने भी विद्यार्थियों को खेल व पढ़ाई के साथ संतुलन स्थापित करने के बारे में प्रेरित किया। बड़ा लक्ष्य तय करके जीवन में मेहनत करने व विद्यार्थियों को मुश्किलों में भी जज्बा रखने का संदेश दिया। आरजेएस रश्मि वर्मा ने कहा न्याय व्यवस्था की जानकारी रखनी जरूरी है। उन्होंने सभी को न्याय व्यवस्था में विश्वास रखने के बारे में कहा। आईआईटी प्रोफेसर महेश कुमार ने विद्यार्थियों के साथ अभिभावकों को भी सतर्क रहने को कहा। विद्यालय प्रधानाचार्य हेमंत दाधीच ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी नवीनराज गोदारा ने विद्यालय के परीक्षा परिणाम के साथ विद्यालय द्वारा किए जाने वाले नवाचारों की जानकारी दी।

## सेंट विवेकानंद में लगी विज्ञान प्रदर्शनी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चिड़ावा।** बागर स्थित सेंट विवेकानंद पब्लिक सैकेंडरी स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था प्रबंध निदेशक प्रणय गुप्ता, मुख्य अतिथि प्रोफेसर केएम मोदी व प्रोफेसर डॉ. अनिता मोदी द्वारा किया गया। शालिनी गुप्ता, नीलम मिश्रा व संगीता के निर्देशन में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने ट्रेफिक लाइट सिस्टम, सुसाइड अलार्म सिस्टम, ऑटोमेटिक ड्रेनेज सिस्टम, रेनवाटर डिटेक्टर सिस्टम, सोलर पैनल सिटी, विंड टरबाइन, ऑटोमेटिक वाटर मशीन, रेस्पिरेटरी सिस्टम, वॉटर डिस्पेंसर मशीन, कालेडोस्कोप पेंसिल वेल्डिंग मशीन, ड्रिप इरीगेशन, वैक्यूम क्लीनर, पॉल्यूशन कंट्रोल, वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम, स्मार्ट सिटी, हाइड्रोलिक ब्रिज, ड्राई वेट मेटल सेग्रीगेशन, थ्री डी होलोग्राम, रिवर क्लीनर सिस्टम, कार्बन प्योरीफिकेशन एंड अब्जॉर्बर, सस्टेनेबल डेवलपमेंट स्मार्ट सिटी, सिलिंग फेन सेफ्टी डिवाइस आदि प्रोजेक्ट्स बनाए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद अभिभावकगणों ने भी बच्चों के प्रयासों को सराहा। अंत में प्रधानाचार्या स्वाति गुप्ता ने आए हुए अभिभावकगणों को धन्यवाद देते हुए बच्चों को ऐसे ही आगे बढ़ते रहने व नई खोज करने की प्रेरणा दी।

## न्यूज ब्रीफ

### बच्चों ने रोजा रख अमन-चैन की दुआ मांगी

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**कुचामनसिटी।** रमजान माह में बड़ो के साथ बच्चे भी खूब इबादत कर रहे है। कई मासूम कम उम्र में पहला रोजा रख इबादत कर रहे है। शहर के गुलज़ार पूरा स्थित कुम्हारो का मौहल्ला निवासी समाजसेवी जावेद तंवर का आठ वर्षीय बेटा जुबैर तंवर व उसकी उसकी बहन अजरा तंवर ने रविवार को अपना का पहला रोज़ा रखा। जुबैर ने बताया के बड़ों से सुना हैं कि अल्लाह रोजेदार की दुआ फौरन सुनते है। इसलिए हमने आज रोजा रखा और हर फर्ज नमाज़ के बाद दुआएं मांगी। साथ ही अपने मुल्क व शहर की तरक्की, खुशहाली व अमन माहौल के लिए खासकर दुआएं मांगी। पिता जावेद तंवर ने बताया कि उनका बेटा अभी सिर्फ 8 साल का है घर में सबको रोजा रखते देख उसने भी रोज़ा रखने की इच्छा ज़ाहिर की। शुरू में परिजनों ने उसे रोजा रहने से मना किया, लेकिन रोजा रखने के उसके जिद के आगे किसी की एक न चली। बेटे ने पूरे शिद्दत से रोजा रखा और देर शाम परिवार के साथ रोजा इफ्तारी की।

### 28वां निःशुल्क हड्डी रोग जांच शिविर में 87 लाभन्वित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** महावीर इंटरनेशनल कुचामन सिटी के तत्वावधान में श्रीमती गुणमाला देवी कमलकुमार पाण्ड्या के सौजन्य से 28 वां निःशुल्क हड्डी, जांच जॉइन्ट, लिगामेंट, घुटना रिप्लेसमेंट सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. जितेश जैन (राजस्थान हॉस्पिटल, जयपुर) अरिहंत हेल्थ केयर सेन्टर राजकीय चिकित्सालय के पास रविवार को आयोजित किया गया। शिविर संयोजक वीर रमेश पहाडिया अध्यक्ष रामावतार गोयल कोषाध्यक्ष वीर सुरेश जैन, डॉक्टर जितेश जैन, गवर्निंग काउसलिग मेंबर वीर सुभाष पहाडिया दानदाता परिवार से वीर कैलाश पाडंया ने शिविर शुभारंभ किया। वीर नरेश कुमार झांझरी ने बताया कि शिविर में लोगों की 36 एक्सरे व 33 रक्त सम्बंधित जांचें निःशुल्क की गई। शिविर मे सीकर, डीडवाना, मकराना, अडकसर, मीठडी, रूपरा, रसाल, लिखमासर, कुचामन के 87 लोगों को परामर्श दिया गया।वीर संदीप पाडंया के अनुसार शिविर मे तेजकुमार बडजात्या, अशोक कुमार, प्रदीप गंगवाल, प्रदीप काला महेश लढा. बोदु कुमावत, नितेश चौधरी सुरजीत वैष्णव ने शिविर में सराहनीय सहयोग किया।

### मधुमेह चिकित्सा शिविर का आयोजन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** लॉयंस क्लब झुंझुनूं के तत्वावधान में रविवार को स्वर्गीय एमजेफ लॉयन सलाउद्दीन चोपदार की पुण्य स्मृति में लॉयन महबूब दीवान चोपद्दार एवं उनके परिवार के आर्थिक सौजन्य से मधुमेह चिकित्सा शिविर पंसारी लॉयंस अस्पताल बगड़ रोड झुंझुनूं में सुबह नौ से 12 बजे तक आयोजित किया गया। शिविर में 62 रोगियों का पंजीकरण कर परामर्शकर्ता लॉयन डॉ. एनएस नरूका के परामर्श पर लिखी गई दवाइयां रोगियों को एक माह की निशुल्क प्रदान की गई। बहुउद्देशीय चिकित्सा शिविर के अंतर्गत 32 रोगियों का पंजीकरण कर लॉयन डॉ. एनएस नरूका के परामर्श पर लिखी गई दवाइयां क्लब मेडिसिन बैंक से रोगियों को सात दिवस की निशुल्क प्रदान की गई।इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष लॉयन डॉ. बबिता कुमावत, लॉयन शिवकुमार जांगिड़, लॉयन विनीत शर्मा, लॉयन महिपाल सिंह, लॉयन रामप्रताप कुमावत, लॉयन डॉ. एनएस नरूका, एमजेएफ लॉयन नरेंद्र व्यास सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। मधुमेह चिकित्सा शिविर के संयोजक लॉयन महिपाल सिंह एवं बहुउद्देशी चिकित्सा शिविर के संयोजक लॉयन विनीत शर्मा थी।

### जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक ने किया एसएमटीआई कैम्पस का अवलोकन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बगड़।** ज्योति माहेश्वरी फाउंडेशन द्वारा संचालित शिवओंकार माहेश्वरी तकनीकी संस्थान का जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक नानूराम, जानूं मैन्यूफेक्चरिंग चिड़ावा के प्रोप्राइटर धर्मवीर जानूं, विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड के जेईएन प्रदीप सैनपी, पीरामल बालिका सीसै स्कूल बगड़ की प्रिंसिपल उमा पुरोहित द्वारा अवलोकन किया गया। संस्थान पदाधिकारियों ने अतिथियों को प्रशिक्षणार्थियों द्वारा निर्मित मॉडल्स व टूल्स के विषय में जानकारी देते हुए परिसर का अवलोकन करवाया। अतिथियों ने प्रशिक्षण प्राप्त करने से लेकर प्रशिक्षणार्थियों को प्रदान किये जाने वाले रोजगार के विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए, प्रशिक्षणार्थियों द्वारा तैयार मॉडलों को बड़े स्तर पर प्रचार-प्रसार करके मॉडलों को पेटेंट करवाने का सुझाव दिया गया। आधुनिक उपकरणो से सुसज्जित कार्यशालाओं के माध्यम से दिये जा रहे प्रशिक्षण की प्रशंसा करते हुए प्रशिक्षणार्थियों द्वारा निर्मित मॉडलों की सराहना की। अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए संस्थान सीईओ विकास खटोड़ ने प्रशिक्षणार्थियों द्वारा निर्मित तोप का मॉडल भेंट किया। अतिथियों का स्वागत ओमप्रकाश शर्मा, विवेक कौशिक, कुंभाराम, नवीन सैनी एवं बाबूलाल सैनी द्वारा पुष्प गुच्छ एवं दुपट्टा ओढ़ाकर किया।

### नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत मैराथन आज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** युवाओं में बढ़ती नशे की लत की रोकथाम को लेकर व जागरूकता अभियान के तहत ब्राह्मण समाज, झुंझुनूं नागरिक मंच एवं राजस्थान एथेलेटिक्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान व झुंझुनूं निवासी दोहा कतर प्रवासी विक्रम मिश्रा के सौजन्य से सुबह आठ बजे चूणा चौक स्थित रामलीला पार्क से जिला कलेक्टर रामावतार मीणा व एसपी शरद चौधरी के अतिथि में मैराथन को हरी झंडी दिखाकर शुरू किया जाएगा। जो शहीद स्मारक तक पहुंचेगी। कार्यक्रम संयोजक उमाशंकर महमिया ने बताया समापन पर मैराथन में प्रथम विजेता को 3100 रूपए, द्वितीय विजेता को 2100 रूपए, तृतीय विजेता को 1100 रूपए व पांच विजेता को 500—500 रूपए की प्रोत्साहन राशि से विशिष्ट अतिथि अतरिक्त पुलिस अधीक्षक देवेंद्र सिंह, जिला खेल अधिकारी राजेश ओला सुभाष योगी द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी धावकों को नशा मुक्ति के संदेश का स्लोगन लिखी हुई टी-शर्ट दी जाएगी।

### गायों को गुड़ एवं बंदरों को केले खिलाए

**झुंझुनूं।** जिले की विभिन्न तहसीलों में रविवार को हाल ही रिलिज हुए मेरे श्याम सॉन्ग की टीम के द्वारा श्री श्याम गौशाला शाकंभरी रोड, श्री गोपालदास गौशाला किरोड़ी, श्री देवनारायण गौशाला लोहार्गल, श्री देवनारायण गौशाला देवीपुरा बणी में 108 किलो चार कार्टून गुड़ खिलाया गया और गौसेवा के लिए लोगों को प्रेरित किया।

